# Atma Ram Sanatan Dharma College

(UNIVERSITY OF DELHI)

ACCREDITED GRADE 'A' BY NAAC | ALL INDIA 12TH RANK IN NIRF (MHRD)

# अरुणोदय

## THE ALUMNI ASSOCIATION

## 2022

# ATMA RAM SANATAN DHARMA COLLEGE

UNIVERSITY OF DELHI

Dhaula Kuan, New Delhi - 110021

011-24113436, 24117508, 24111390

principal.arsdcollege@gmai.com
principal@arsd.du.ac.in
arsdalumni01@gmail.com

www.arsdcollege.ac.in
http://arsdalumni.org

# संपादकीय

आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज मात्र एक कॉलेज नहीं बल्कि हम जैसे हजारों की मातृ संस्था (अल्मा मेटर) है। यहां से अध्ययन हुए छात्रों ने जीवन के हर क्षेत्र में अपनी धाक  जमाई है। क्या सेना, क्या प्रशासन, क्या कला क्या पत्रकारिता? इसके पीछे है फैकल्टी की अथक मेहनत, प्रधानाचार्य का अनवरत अनुशासन और चरित्र निर्माण पर बल। अपनी बाल्यावस्था से लेकर आज जब मैं कॉलेज को अखिल भारतीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा है। यह इंगित करता है कि उच्चतर शिक्षा के सभी पैमाने पर कॉलेज तरक्की की ओर अग्रसर है। निसंदेह इसका श्रेय सामूहिक रूप से कुशाग्र फैकल्टी, परिश्रमी छात्रों और सुयोग्य प्रधानाचार्य को जाता है।

वर्तमान में कॉलेज अखिल भारतीय स्तर पर १२वां स्थान लिए है, इसका श्रेय वर्तमान टीम और प्रोफेसर ज्ञानतोष कुमार झा के कुशल नेतृत्व को जाता है।

'' अरुणोदय '' एक प्रयास है आपको स्मृतियों के बगीचे में ले चलने का। यह एक टाइम मशीन है, जो आपको अपने उन दिनों की ओर ले जाएगी जब आप आंखों में सपने लिये और दिल में कुछ करने और जिंदगी में कुछ बनने का जज्बा लिए इस कॉलेज में आए थे। आप अपनी इस एलुमनाई पत्रिका अरुणोदय  को अपने स्मृति–वन के पुष्पों से सजाएंगे।

Mr. Pawan Jaggi
(Chairman, College Governing Body)
Professor Gyantosh Kumar Jha
(Principal)
Ajeet Kumar
(Convener, Alumni Association)
Mr. J. S. Arya
(President, Alumni Association)

## Editorial Board

Dr. Ravinder Kumar
Mr. Ajeet Kumar
Ms. Sunita Chauhan
Mr. Rajnikant Kumar

## Organizing Committee

Ajeet Kumar (Converner)
Vinita Tuli
Rosy Sinha
Raj Kumar Bhagat
Vikas kumar
Ram Swaroop Maharia
Deepankar

## Distinguished Alumni 2022

1. Professor Shri Prakash Singh
2. Mr SS Mattu
3. Mr Panna Lal
4. Dr. Mahesh Subray Joshi
5. Colonel Vikas Raj Gupta
6. Mr Pawan Rajawat
7. Mrs. Aswathi Muralidharan
8. Mr. Yashdeep Chahal

# The Chairperson's message



It gives me great pleasure in writing this message for the Souveneir – Arunodya that is published to facilitate the alumini of the college , relive their memories of their Alma Mater. Our institution was established with an aim to promote education and culture in all aspects. The College has set specific objectives and planned activities for achieving excellence in all spheres of education. The college has achieved tremendous growth in the last decade in terms of its infrastructure and other facilities.

The Souvenir is a tribute to the past . It is a platform where we can express our grateful thanks to all who have untiringly labored to produce leading personalities who now hold high positions in different sectors of the society. We consider you all as our brand ambassadors as well as torch bearers. As Chairman, I welcome all of you wholeheartedly to join hands in supporting our new endeavor. Our doors are always open to congregate the knowledge and life time experiences of our alumni which are very precious for us. Without your support, we are incomplete. We can do wonders together.

I extend my sincere best wishes for the success and positive reception of the Souvenir.

Best Wishes,

Mr. Pawan Jaggi

# The Principal's Message



*An institution's alumni are its brand ambassadors. They speak of its past achievements and are the parameter of its worth. An active alumni network is vital to the institution's success. ARSD Alumni have been in touch and supporting the College in its evolutionary journey. Their active participation in the form of career counselling, scholarships and awards has been noteworthy. With this forum, together, we can tread on the path to offer the best learning experience to our students and assist them to attain a bright future. The publication of the first issue of souvenir by the Alumni Association is a reason for elation especially after such trying tribulations. It is a celebration of our grit and determination made possible with the combined efforts of the editorial board —comprising of faculty and alumni advisors and student editors over the course of the year. This colourful magazine is a collective expression of our alumni's experiences, ideas and emotions, values and vision. This is an embodiment of their creativity and commitment. Today, this has become all the more important in the face of the Covid-19 pandemic. We, as a premier institution of learning, strive to equip students to face these challenges by being imbued with fortitude borne of an inquisitive mind. This involved moving beyond the classroom and syllabi to learn about opportunities and challenges around us. In this direction, I am proud to share that the ongoing challenges of the pandemic were converted into an opportunity by ARSD. We successfully experimented with newer pedagogic methods and technologies.*

*The alumni of the college contributed during the pandemic by donating oxygen concentrators to the college and the university and also gave monetary contributions to the students who lost their parents because of Covid. The year 2021 began carrying the baggage of the previous year and is now ending in 2022 with a new ray of hope with resumption of class room teaching and normal co-curricular activities. I congratulate one and all associated with the publication of the first issue of Souvenir. Kudos, everyone!*

*I hope, alumni will stay connected for productive causes and continue to contribute to the College's growth in every possible way.*

*Regards*

*Prof. Gyantosh Kumar Jha*

# The President's Message



*Dear Friends,*

*It is a matter of great pleasure to see the publication of our first annual souvenir of the Alumni Association.*
*In due course we hope it will develop into an effective means of putting forward our achievements, contribution and future aims.*
*I also take this opportunity to call on all Alumni to please step forward and participate actively in whatever way you can. Overall everyone's effort is valuable .*

*With best wishes to one and all*

*You're sincerely*

*J. S. Arya*

The college has a registered Alumni Association and wishes to involve its alumni in a meaning full manner for the benefit of the students and institution. Alumni Association of ARSD College is working to bring together the alumni community on a common platform to build another channel of personal and professional support to members through 'self-help' within community.

The alumni and college authority members collaborate through various social mediums to make the institution better and excel. We have already registered approximately 1,000 alumni through the College website and the number is growing every year. Our alumni are spread world over and doing brilliant work in their respective fields. Apart from serving as a base for information about the alumni, it initiates programs and organizes events important to alumni, and their alma mater.

Current Office Bearers of the Association:

1. President: Mr. J.S. Arya (IDAS, Controller of Defense Accounts)
2. Vice-President: Retd. Col. Ravinder Singh Tokas
3. General Secretary: Mr. Rajnikant Kumar
4. Secretary: Ms. Sunita Chauhan
5. Treasurer: Dr. V.K Arora

Executive members of the Alumni Association

1. Umesh Upadhyay
2. Chetan Kak
3. B. S. Maan
4. Satish Upadhyay
5. Sanjay Basak
6. Sunita Chowhan
7. Sushma Sehrawat
8. Anuranjan Jha
9. Kundan Kumar
10. Jaiveer Rana
11. Charu Kartikeya
12. Ravi Shrivastav
13. Parag Bhushan
14. S. Mageshwaran
15. Vikas Sharma
16. J. S. Kashyap
17. Ravindra Pant
18. Rajkumar Khurana

## Notable achievements and accomplishments of the alumni association

- *The Alumni association has been helping deserving and needy students from financially weak background by providing Rs. 50000.00 per annum to the college to be utilized in any suitable manner for supporting their education. The Participating alumni who have been providing assistance of Rs. 10000.00 per annum include: J. S. Arya, R. S. Tokas and Rajnikant Kumar (Office Bearers of Association) and Anuranjan Jha, J. S. Kashyap, Vikas Sharma and Ravi Shrivastav (Executive Members of the Association).*
- *The Beautification work which included landscaping of College front has been sponsored by the Alumni Association with the support of J. S. Kashyap.*
- *B. S. Maan (Advocate) has donated 100,000 to the college Alumni Association.*
- *An alumni member __________________ has started Annual Award in the memory of 'Retd. Late. Dr. K. C. Trikha, Dept. of Chemistry'*
- *The association has been organizing Career Counseling for students on regular basis.*

## The following alumnus have contributed financially towards the genuine needs of current students of the college in the difficult time during corona pandemic.

*Umesh upadhyay*
*Vijay mani Tripathi*
*Ravinder Pant*
*Arvind mishra*
*Anil kumar*
*C. S. Dalal*
*Indu Baluni*
*Kusum bahukhandi lakhera*
*Sunil kumar*
*Rajesh Gupta*
*Sunita Chowhan*



आत्मा राम सनातनधर्म महाविद्याल, दिल्ली विश्वविद्यालय, इस नाम नाम ने एक पहचान दी अगर कहूं तो स्कूल से कॉलेज की दहलीज पर जब आई तो लगा कि स्कूल तो कभी हमसे छूटा ही नहीं और उसका कारण है हिंदी विभाग जब २००५ में बी ए हिंदी(विशेष) प्रथम वर्ष में दाखिला हुआ और पहले दिन कॉलेज में आई तो लगा कि हम बड़े हो गए क्योंकि कॉलेज में आए थे। पर हिंदी विभाग के शिक्ष. कों ने सब बदल दिया। धीरे धीरे कॉलेज में समय व्यतीत होने लगा और सभी शिक्षकों से मिलने के बाद एक अनुभव हुआ कि हम कॉलेज नहीं स्कूल में आए हैं और उसका कारण जैसे कि पहले ही बताया हमारे शिक्षक रहे बी ए के तीन साल हमने कॉलेज में गुजारे और हमारे शिक्षकों ने कभी हमें ये महसूस नहीं होने दिया कि हम उनके बच्चे नहीं हैं। हमेशा अपने शिक्षकों को देख कर हमारी पूरी कक्षा डिसिपलेन में आ जाती। एडमिशन के दौरान सबसे पहले हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष ज्ञानतोष झा सर से मिले सर ने दाखिला दिया और बाद में कबीर को पढ़ाया। साथ ही पूरे साल सर से पूरी कक्षा के छात्रों और छात्राओं ने शुक्ल जी को न पढ़ने के लिए डांट खाई। उनके पढ़ाए दोहे आज भी याद हैं। आज भी याद है जब झा सर और भारद्वाज सर को देख कर हम सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाते थे। सर हमेशा मुस्कु. राते हुए कक्षा में आते और पढ़ाते।

जयदेव तनेजा सर जिनका पढ़ाने का तरीका सबसे अलग लगता रितिकाल और नाटक ऐसे अभिनय करके पढ़ाते की मानो सब आंखो के आगे चल रहा हो फिल्म की तरह। रेणु बाला मैम जिनके बोलने और कपड़े पहनने के तरीके से कक्षा की अधिकतर लड़कियां प्रभावित थी। मैम जब आधुनिक कविता पढ़ाती तो ऐसा लगता सब दिमाग में छपता जा रहा है। आशा मैम जिसे हमारा ग्रुप शिक्षिका के साथ मां के रूप में देखता था। सब मैम को आता देख कहते मां आ रही हैं। ये बात हमने उन्हें अपने विदाई समारोह के दौरान बताई भी थी। रश्मि बहल मैम के साथ सबसे ज्यादा समय बिताया मैने उसका कारण मुख्य कक्षा के साथ साथ हमारा जनजम तीनो साल मैम के ही साथ रहा। मैम से पढ़ाने के साथ साथ जरूरत की छोटी छोटी चीजों को कैसे संजोते हैं सब सिखा। हमारी कक्षा का आखरी दिन था मैम हम सभी छात्रों के लिए उपहार लाई थी, उस दिन मैम की आंखें भरी हुई थी। उन्हें देखकर हमारे मन भी पसीजे हुए थे। बस किसी तरह सबने अपने आंसुओं को रोका हुआ था। वो पल हमेशा याद रहता है। जसपाली चौहान मैम से कभी मैं पढ़ी नहीं पर उसके बाद भी वो हमसे किसी न किसी रूप से जुड़ी रही।

राजेशचंद आदर्श सर ने कक्षा में शिक्षक की भूमिका तो निभाई और कक्षा के बाहर भी एक दोस्त और भाई की भूमिका में सदैव नजर आए। जब भी कभी हमें सर की सहायता चाहिए होती हम सभी मित्र सर के पास पहुंच जाते। कैंटीन में सर हो और हम बच्चो को समोसा और कोल्डड्रिंक ना मिले ऐसा होता हो नहीं था। संजय बघेल सर ने भी शिक्षक के रूप में व्यवहारिक दुनिया का ज्ञान दिया। कॉलेज ने जहां इतने अच्छे शिक्षकों से पढ़ने का मौका दिया, समाज को समझने का मौका दिया वहीं दूसरी ओर एक पूरी मित्र मंडली भी तैयार हो गई जिसमें शालिनी, अमित, अलका, विशेष मित्र रहे। जो आज भी साथ है। आज भी बीए हिंदी के नाम से व्हाट्सएप पर ग्रुप है जिसमें हमारा पूरा बैच जुड़ा हुआ है। कॉलेज की यादों में एक याद २००६ में उपाध्यक्ष पद पर विजयी होना भी है। जिसने एक अलग ही पहचान दिलाई। आज भी जब कभी कॉलेज के सामने से निकलते हैं या कॉलेज में आते हैं तो सब एक फिल्म की तरह चलने लगता है। कॉलेज का पहला दिन,वो दोस्त, वो कैंटीन,वो लाइब्रेरी में पूरी क्लास का एक साथ चले जाना और लाइब्रेरी के सर का शिकायत करना सब एक साथ क्यों आते हो?, और भी बहुत कुछ है कहने को मगर सब कुछ कहा भी तो नहीं जा सकता। पर आज भी मैं अपने शिक्षकों और दोस्तो से जुड़ी हूं जो कभी मेरी यादों को धुंधला नहीं होने देते हैं।

बहुत कुछ सिखाया है कॉलेज ने हमें जो जीवन के हर पड़ाव में याद आता है।

**डॉ. अर्चिता सिंह**

बी ए हिंदी (विशेष)

2005 - 2008

एम ए हिंदी

2008 - 2010

एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे के लिए कॉलेज जाना अपने सपनों को पंख देने की तरह है। हमारे पिताजी से लोग लाख कहते रहे कि गर्ल्स कॉलेज में दाखिला दिलवाइयेगा लेकिन वो सबकी बातों को अनसुना कर मेरा फॉर्म भरवाने पहुंचे आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज। सिर्फ एक कॉलेज में फॉर्म भरने की वजह से मन काफी संशय में था लेकिन ये प्रभु इच्छा ही थी कि पहले कटऑफ में मेरा दाखिला हो गया। कॉलेज का पहला दिन काफी शंकाओं से भरा था, रैगिंग का डर—कुएं से निकलकर समुद्र के मेंढ़क बनने का डर और भी ना जाने किस—किस तरह के डर। लेकिन जितना डरे थे वो डर पहले दिन ही उड़ गया।



कॉलेज में पहले दिन टाइम टेबल की जानकारी ली, किस तरह लाइब्रेरी कार्ड बनेगा, बस पास बनेगा, क्लासेज किस रूम नंबर में लगेंगी और कौन से लेक्चरर क्या पढ़ाएंगे के साथ हल्का—फुल्का परिचय सीनियर्स से हुआ। दूसरे दिन पहली क्लास वी के अग्रवाल सर, सुंदरलाल कथूरिया सर, रेनू बाला मैडम, ज्ञानतोष झा सर, राजेन्द्र शर्मा सर और आशा पांडेय मैडम व जसपाली चौहान मैडम की लगी। सबने जानकारी दी कि वो क्या—क्या पढ़ाने वाले हैं। यहां सच बात एक और भी बताना चाहूंगी कि एक महीने तक कैंटीन जाने की हिम्मत तक नहीं हुई। सरकारी स्कूल में पढ़कर आये हर  बच्चे की तरह डर था कि रैगिंग होगी। धीरे—धीरे क्लास में बहुत से दोस्त बन गए। पहली बार शिक्षकों ने बताया कि एक राइटर को पढ़कर नहीं बल्कि २—३ राइटर को पढ़कर किसी विषय पर नोट्स तैयार करो, उनकी इस सिख ने लाइब्रेरी से दोस्ती करवा दी। मुझे कॉलेज का पहला कार्यक्रम यानि फ्रेशर पार्टी कभी नहीं भूलती, क्योंकि मंक उस साल की मिस फ्रेशर थी और मेरा क्लासमेट देवेंद्र डागर मिस्टर फ्रेशर था। इस दौरान शिक्षकों से मेरे नाम अनामिका का अर्थ पूछा गया था।

अभी महीना ही बीता था कि कॉलेज में डूसू चुनावों की दस्तक हो गई, पहली बार महसूस हुआ कि लोकतंत्र में एक छात्र का कितना महत्व है। इसी दौरान ये भी जाना कि हमारा कॉलेज कई गुटों में बंटा है जैसे पालम गुट, नजफगढ़ गुट, मुनिरका गुट और कांगनहेड़ी गुट। लेकिन इस सबमें जीत और हार का फैसला २ गुट करते थे क्योंकि हमारे कॉलेज में सबसे ज्यादा संख्या पालम और नजफगढ़ से आने वाले छात्रों की थी। इस तरह कॉलेज की राजनीति की ओर झुकाव हुआ तो यूनियन रूम, स्टूडेंट वेलफेयर जैसे शब्द पहली बार जीवन में सुने। जमकर अपने सीनियर सुंदर डागर के लिए प्रचार किया जो एबीवीपी से थे।

सुंदर डागर का प्रचार करते हुए कब मैंने चुनाव लड़ने का मन बना लिया ये आजतक मेरे लिए अबूझ पहेली है। दरअसल उस साल डीयू की गलती की वजह से हिंदी विशेष के छात्रों को गलत अंग्रेजी का सिलेबस पढ़ना पड़ा था। प्रिंसिपल बी.एल.अरोड़ा जी ने कहा कि जितना आता हो उतना लिखो लेकिन हम कहाँ मानने वाले थे पेपर तुरंत छोड़ा और अन्य बच्चों को भी प्रेरित करते हुए बाहर जाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जैसे ही स्टूडेंट यूनियन को पता चला तो वो भी हमारे साथ आ मिले। हमारे इस आंदोलन ने डीयू को झुकने व दुबारा सही पेपर लेने के लिए विवश कर दिया और मैं भी छात्र राजनीति में कूद गई। छात्रों ने अपना पूर्ण समर्थन दिया सभी गुटों ने समर्थन दिया और उत्तम नगर से ही नहीं बल्कि कॉलेज की पहली महिला प्रत्याशी बनी और उपाध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला।

एक बात में स्पष्ट रूप से बिना लागलपेट के कहना चाहूंगी कि आज मैं जो कुछ भी हूँ उसमें बहुत बड़ा श्रेय मेरे गुरुजनों का है। खासकर ज्ञानतोष झा सर व रेनू बाला मैडम का जिन्होंने हमें पत्रकारिता बतौर विषय पढ़ाया ही नहीं बल्कि एक सफल पत्रकार बनने के लिए कलम कितनी तेज होनी चाहिए और आत्मविश्वास कैसे कूट—कूट कर भरा होना चाहिए इसकी नींव रखी। आज जो कुछ भी हूँ अपने गुरुजनों की बदौलत हूँ, जिन्होंने मेरे जैसी कच्ची मिट्टी को आकार दिया। कहना और भी बहुत कुछ है लेकिन कम शब्दों में इतना ही कहूंगी कि अनामिका को अनामिका बनाने में मेरे गुरुजनों और मित्रों का बहुत बड़ा हाथ है। आप सबको मेरा कोटि—कोटि नमन।

**अनामिका सिंह**

सीनियर रिपोर्टर नवोदय टाइम्स (पंजाब केसरी ग्रुप)

बीए हिंदी (विशेष)

बैच 2000 - 2003



**20** जुलाई २०१७ बृहस्पतिवार को मॉनसुन की उमस भरी धूप में जिस कॉलेज में पहली कदम रखा था, वो मेरे जीवन का सबसे बड़ा ऐतिहासिक दिन था! जिसने मुझे आज इस काबिल बना दिया है कि मैं अपनी लेखनी के माध्यम से, शब्दों के माध्यम से, विचारों के माध्यम से, अपनी बात अपने समाज में, अपने देश में रखने को तैयार हूँ। अपनी संस्कृति, समाज और शिक्षा व्यवस्था को साथ लेकर आधुनिकता के रास्ते पर जाता हुआ एक संस्थान जिसमें छात्र–छात्राओं को अपने सपने साकार करने के नित नए अवसर मिलते हैं। और वे उसमें सफल भी होते हैं, चूंकि हर तरह के क्षेत्र में आगे बढ़ने और मुकाम हासिल करने के लिए राह दिखाने वाले हर तरह के प्राध्यापक यहां मौजूद हैं, और उन आदर्शों पर बढ़कर राह स्वंय प्रशस्त हो जाती है। जी हां, मैं बात कर रहा हूं आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय की। दिल्ली विश्वविद्यालय का एक बहुप्रतिष्ठित संस्थान, जिसे ए.आर.एस.डी के नाम से ज्यादा जाना जाता है। ना जाने कितने यहां से पढ़कर संगीत के क्षेत्र में, कला के क्षेत्र में, विज्ञान के क्षेत्र में और साहित्य आदि के क्षेत्र में अपनी सेवा इस देश को दे रहे हैं। मुझे आज यह कहते हुए बड़ा गर्व महसूस होता है कि हां मैं ऐसे संस्थान का छात्र रहा हूं जहां सिर्फ पढ़ना ही नहीं बल्कि अपने हौसलों और अपने सपनों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने का रास्ता भी बताया जाता है। तीन सालों के हिंदी स्नातक के दौरान ऐसा शायद ही कोई दिन रहा हो जिस दिन हमने वहां कुछ नया ना सीखा हो! भले ही मैं हिंदी विशेष का छात्र था, किंतु उन तीन सालों में जितना ज्ञान हिंदी में अर्जित किया, उतना ही वहां इतिहास भी पढ़ा, राजनीति विज्ञान भी पढ़ा, अर्थशास्त्र भी पढ़ा और विद्यालय में होने वाली अनेकों गतिविधियों में हिस्सा भी लिया। साहित्य से संबंधित अनेकों सोसाइटी के सदस्य रहा सिलेबस से हटकर खूब ज्ञान अर्जित किया। फिर मौका मिला इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजीत कुमार सर के सानिध्य में 'अंबेडकर स्टडी सर्कल' मंय काम करने का। सर के मार्गदर्शन में बाबा साहेब अंबेडकर जी को बहुत करीब से जाना और उनके 'पे बैक टू सोसायटी' सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पिछड़े हुए समाज के बच्चों के एक छोटे–से समूह को शिक्षा देने की जिम्मेदारी लिया और सफल भी हुआ और यह काम निर्वतमान में भी जारी है। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्र सर ने मेरे जीवन को निखारने में जो योगदान दिया उसको कभी भी नहीं भूल सकता। उसी का नतीजा है कि आज मैं देश के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लिए कैंपेन मैनेजमेंट का काम करने लायक बन पाया और अपने माता पिता के दिल्ली में अपना घर होने के सपने को साकार करने में सक्षम हो पाया और अपने लिए सुदूर उच्च हिमालय और प्रकृति के गोद में बसा 'सुक्खी गांव' में अपने लिए घर बना सका। आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय में हमारे प्राचार्य डॉ. ज्ञानतोष कुमार झा, जो स्वयं हिंदी के छात्र रहे, हिंदी के प्राध्यापक रहे और फिर उनके दिशानिर्देशों में महाविद्यालय को नई–नई ऊंचाइयां मिलनी प्राप्त हुई। कॉलेज मंक हिंदी विभाग के प्राध्यापकों ने मिट्टी से घड़ा बनाने वाले कुम्हार की भूमिका निभाई है। डॉ रेणु बाला मैम, डॉ श्रीधरम सर, डॉ रश्मि बहल मैम, डॉ आशा पांडेय मैम का अध्यापन, सहयोग और आशीर्वाद मैं कभी नहीं भूल सकता। हमारे कॉलेज की खास बात यह थी कि आपको जो कुछ करने का मन है, आप उस गतिविधि को करने के लिए स्वच्छंद है! स्वतंत्र हैं! किसी को नाटक में दिलचस्पी है तो उसके लिए रंगायन के दरवाजे खुले हैं! किसी को संगीत में दिलचस्पी है तो उसके लिए सारंग के दरवाजे खुले हैं! किसी को साहित्य में रुचि है तो वह कभी भी डॉ अरविंद सर से घंटो तक किसी विषय पर चर्चा कर सकता है और उन्होंने कभी इसके लिए मना नहीं किया और हमेशा उस बच्चे का स्वागत किया जो भी साहित्य में कुछ करना चाहता है! हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापकों ने हिंदी की विधाओं पर बहुत अच्छे से पढ़ाया! सिलेबस के अलावा भी ना जाने कितनी ही किताबों को पढ़ने–समझने, लेखकों से मिलने, उनसे साक्षात्कार करने और विभिन्न गतिविधियों को कॉलेज में कराने के अनेकों–अनेक अवसर दिए। आज मुझे कहते हुए बड़ा गर्व होता है कि जो कुछ मैं करना चाहता था, जो कुछ मैं बनना चाहता था जो कुछ भी हासिल करना चाहता था, उन सभी सपनों को, हौसलों को, अपेक्षाओं को, उम्मीदों को वहीं से उड़ान मिली। इससे पहले मैं छठी से बारहवीं तक राजकीय विद्यालय बिंदापुर का छात्र रहा। वहां भी बहुत–सी चीजें सीखी थी, उसी की मार्फत में आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय तक पहुंच पाया था। और जो कुछ वहां सीखा था उन्हीं का परिमार्जन यहां आकर हुआ। कॉलेज में अनेकों दोस्त बने, ऐसे दोस्त जो भाई से बढ़कर हैं। सिर्फ मेरे ही विषय के नहीं, अनेकों दूसरे विषयों के भी ऐसे दोस्त बने जो आज भी मेरे साथ हैं और शायद हमेशा मेरे साथ रहेंगे। कॉलेज के उन गलियारों को कैसे भूला जा सकता है! जो स्टाफ रूम से लाइब्रेरी तक ले जाते थे, लाइब्रेरी से मैदान तक या कैंटीन तक!

एक छोटी सी दुनिया में संसार था और मैं उस संसार का हिस्सा था। आज कॉलेज में ना रहने पर भी वह दिन हमेशा याद आते हैं जब किसी प्रतियोगिता में कोई पुरस्कार मिलने पर सर्टिफिकेट और ट्रॉफी को हाथ में लिए भागते हुए अपने प्राध्यापकों के पास जाकर उस खुशी को बांटते थे! अपने दोस्तों के पास जाकर बड़े खुश होते थे! कॉलेज में होने वाले फेस्ट में तीनों साल में जितना आंनद लिया आज यादकर दिल को सुकून मिलता है। कॉलेज में रहकर कॉलेज परिसर पर, दोस्तों पर और अनेक विषयों पर बहुत सी कविताएं लिखी, बहुत से लेख लिखे, कहानियां लिखी और वे कॉलेज की पत्रिका में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित भी होती थी। उस समय मेरे लिए बहुत बड़ी खुशी हुआ करती थी। कॉलेज के तीन साल इस छोटे–से लेख में समाहित कर पाना बहुत मुश्किल काम है। ऐसी बहुत–सी बातें हैं जो इससे बाहर हैं, ऐसे बहुत–से किस्से हैं जो याद तो हैं पर उन्हें कलमबद्ध करना संभव नहीं! किसी याद को लिखना एक इम्तिहान की तरह होता है और मैं समझता हूँ कि इस इम्तिहान को कभी इत्मीनान से लिखा जाएगा।

**— रहमत**

2017-20 बैच

हिंदी विशेष

वर्तमान में

— एम. डी. इलेक्शन गुरु।

— 'सुहाना सफर' बतौर संस्थापक घुमक्कड़ी और पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में काम

साथ ही एम. ए. हिंदी का छात्र

हमारी जिंदगी कई इत्तेफाकों की शक्ल में अपना रूप चुनती है, डीयू एडमिशन से पहले मैं कभी दिल्ली नहीं आया था, धूप के टीले राजस्थान से हरी बुरशट में जब जेठ की किसी दुपहरी आया था मैं, गालिब की सरजमीं पर पहला कदम रखते ही कहा था, दिल्ली, मुझे जमीन पर रखना पर पटक मत देना, आधे दशक की दिल्ली यात्रा में एआरएसडी कॉलेज उस घर की तरह था जहां हर पीड़ा की औषधि थी.



हर विचार का स्वागत था, हर सवाल के जवाब ढूढने की सकारात्मक दशा और दिशा थी. राजनीति विज्ञान विभाग से पढ़ने पर भी कभी यूँ न लगा कि इतिहास और हिंदी विभाग के गुरुजनों का स्नेह कुछ कमतर मिला. मेरी हर अनगढ़ कोशिश पर विश्वास की थपथपी लगाने वास्ते शुक्रिया एआरएसडी परिवार। अमूमन शिक्षा संकुलों में इस बात पर जोर होता है कि सिर्फ पाठ्यक्रम की पढ़ाई या अंकों को वरीयता दीजिए, लेकिन प्राचार्य महोदय, विभाग के शिक्षकों का बरबस शुक्रिया कि उन्होंने सदैव मुझे प्रोत्साहित किया डिबेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने बाबत, यादों के गलियारों से एक स्मृति उभरती है, क्वार के किसी दिन कई घंटों तक मेरी डिबेट का विषय तैयार कराया था शिक्षकों ने, इतनी नेमतें बरसी हैं कि समेटने बैठूँ तो कई कृष्ण—शुक्ल पक्ष बीत जाएँ.

जब भी कहीं से जीतकर आते, स्नेह से आगे बढ़ने की सीख देते शिक्षकों का आशीर्वाद मिला । एआरएसडी परिवार ने सिखाया कि सवाल करना सबसे पवित्र काम है, अपनी धारणाओं, अपने आग्रहों को लगातार प्रश्नांकित करते रहें, क्लासरूम से लेकर सेमिनार हॉल और कैंटीन के पीछे दोस्तों के साथ चर्चा ने हर दिन कुछ बेहतर बनने और रचने की सीख दी । रंज इस बात का है कि जब एक आखरी घड़ी निहारने का वक्त आया तब महामारी ने दस्तक दे दी थीं. उस आखरी अलविदा की हूक उठती है पर यह अहसास सदा मन को प्रफुल्लित करता है कि गुरुजनों और दोस्तों का आशीर्वाद और स्नेह अनवरत बना हुआ है ।

प्रार्थना है कि जिस अटूट ऊर्जा से आपने हमें सींचा है, हम जीवन भर कतरा भर कर्ज तो चुका ही पाएँगे एआरएसडी. मेरी हर नाकामी पर उम्मीद का एक दीया हैं यहाँ की सीखें ।

**नाम= दीपक तैनगुरिया**

बैच= 2017-2020

कोर्स= राजनीति विज्ञान (Hons-)

पता= लक्ष्मी नगर, भरतपुर, राजस्थान.

# जब मैं छात्र संघ में संयुक्त सचिव बना



बात वर्ष २००६ के जुलाई महीने की है। दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ का नगाड़ा बज चुका था। अपना एआरएसडी कॉलेज भी इससे अछूता नहीं था। छात्रों का समूह चुनाव लड़ने और लड़ाने की रणनीति तैयार करने में जुट गये थे। मेरा भी मन चुनाव में कूदने का था लेकिन परिवेश और परिवार इस बात की इजाजत देने में हिचक रहे थे। लेकिन एक बार मन बना लिया तो ठान लिया कि इस बार चुनाव में उतरना है। दिल्ली जाने के दो वर्ष बाद ही छात्र संघ के चुनाव में कूदने की हिम्मत को अपने सीनियर साथी अमित पुनिया से कही। उन्होंने पहले समझाया लेकिन बाद में मेरी हिम्मत को अपना मन और समर्थन दोनों दिया। अमित पुनिया के अलावा रजनीकांत , वरुण विजय, सोनू भाई सभी ने मुझे संयुक्त सचिव के लिए तैयार किया। चुनाव में नामांकन का दिन आया तो कालेज के आफिस से एक नामांकन का पर्चा लेकर पहुंच गया। लेकिन नामांकन में दो गवाहों की जरूरत होती है। इसमें मेरे मित्र सुमिंदर ने मदद की। वह और उसकी क्लास का एक और साथी, (चूकिं सुमिंदर राजनीति विज्ञान ऑनर्स में था और मैं हिन्दी ऑनर्स में) ने पर्चे पर गवाह के स्थान में अपना नाम भरा। इसके बाद शुरू हुआ प्रचार का दौर। प्रचार में मैं अकेले होता था। लेकिन प्रचार का तरीका बाकी उम्मीदवारों से अलग था। बाकी छात्र उम्मीदवार जहां हाथ मिलाकर वोट मांगते, मैं हाथ जोड़कर। शायद यही अंदाज मेरे छात्र साथियों को पसंद आया और मुझे भारी मतों विजय बनाया। मेरे सामने जो उम्मीदवार थे उनकी जमानत जब्त हो गयी। वह दिन मेरे जीवन का सबसे अदभुद दिन था। अमित पुनिया जी ने मुझे अपने कंधे पर बैठाया औ कालेज से गेट पर ले गये। इसके बाद हमलोग पालम गये और ज्ञानतोष झा सर का आर्शीवाद लेने उनके यहां भी गये। ज्ञानतोष झा सर हमारे गुरु भी थे। उनके आशीर्वाद के बाद हमलोग अमित पुनिया सर के यहां भी गये। दिन भर हमलोग जीत के जश्न में डूबे रहे। हमारे साथ हमारे साथी, अमृत, अभिजीत, रेखा, वीरा, इंद्रेश, रणवीर, शंभू, संजय, सुनील, संदीप सिन्हा, आनंद, सभी जीत में झूम रहे थे। उस चुनाव में हमारा पूरा पैनल जीता था। अध्यक्ष पद पर पवन, उपाध्यक्ष पद पर अर्चिता, सचिव पद पर ज्योति सिंह जीती थी।

शीर्षक– कालेज में छात्र संघ चुनाव

**परिचयः मृत्युंजय कुमार,**
बैच 2005 - 2008
हिंदी ऑनर्स

# व्यंग्य:  मैं जासूस ....



जब से मैंने होश सम्भाला तभी से मैं जासूस बनना चाहता था. किस्मत देखिये कि बन गया रेलवे में बाबू. यूँ जासूसों वाले सारे गुण मुझमे भगवान ने रिवॉल्वर के बट से कूट–कूट कर भरे हुए थे. जब मैंने जासूस बनने का निश्चय किया तो सबसे पहले ये परेशानी पेश आई कि मैं किस किस्म का जासूस बनना चाहता हूं. कैप्टन हमीद टाइप, कर्नल विनोद टाइप, कर्नल रंजीत टाइप या फिर जेम्स बॉन्ड टाइप. क्यों कि जेम्स बॉन्ड की सारी की सारी फिल्में एडल्ट होती थीं और तब गेट मैन ईमानदार होते थे चुनाँचे मेरा थियेटर में घुसना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन था. अत: सालों साल मुझे पता ही न चला कि जेम्स बॉन्ड किस किस्मका जासूस है अलबत्ता पोस्टर से लगता था कि वह ट्रिगर हैपी हमेशा रिवॉल्वर और हसीनाओं से घिरा रहने वाला था. हसीनायें भी ऐसी वैसी नहीं. सब की सब सदैव टू पीस बिकनी में होती थीं. अब इंडिया जैसे देश में तब ऐसी हसीनायें कहाँ से मुहय्या होतीं ? अत: मेरा जेम्सबॉन्ड बनना मुलतवी होता रहा. सवाल देश की सेफ्टी का था अत: ज्यादा दिन मेरा जासूस बनना टालना नेशनल इंटरेस्ट में नहीं था. इस बीच मैंने जितने भी मार्किट में जासूसी नॉवल थे सब कोर्स की किताब से भी ज्यादा सीरियसनैस के साथ पढ़ डाले थे.

अब मैं मन ही मन अपने को जासूसों के साथ हर केस में पाता था. मुझे उनकी रिवॉल्वर के ब्रांड से लेकर उनकी कारों के ब्रांड यहां तक कि उनके पाइप पीने या कौन सी सिगरेट वो पीते हैं सब आदतें पता थीं. उन दिनों अगर कोई मेरा एक्जाम ले लेता जासूसों के बारे में तो मेरा कैम्पस सलेक्शन में फर्स्ट आना तय था. मगर ऐसा हो न सका और मैं जानता हूं मेरे जॉयन न करने का नुकसान आज तक देश की एजेंसी उठा रहीं हैं. इस लॉस से रॉ और सी.बी.आई आज तक नहीं उबर पाईं हैं.

अब आप जानना चाहेंगे कि मैं एक सफल जासूस क्यों नहीं बन सका ?. नहीं नहीं जैसा आप सोच रहे हैं ऐसा कुछ नहीं.. सी.आई.ए. या के.जी.बी. मेरे पीछे नहीं पड़ी थी. न ही उन्होंने भारत सरकार पर कोई प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष दबाव डाला कि इस शख्स को इंटैलीजेंस एजेंसी में न लिया जाये इससे दो देशों के फॉरेन रिलेशंस पर प्रतिकूल असर पड़ेगा

कहते हैं कि दुश्मन घर में ही छिपा रहता है. बस तो भाई साहब सबसे पहले तो मुझे अपने एक आने, दो आने के जेब खर्च से जासूसी के सारे उपकरण जुटाने थे. सोफिस्टिकेटड उपकरणों की बारी तो बहुत बाद में आनी थी. पहले तो जो अनिवार्य वस्तुएं थीं उन्हीं को जुटाने में पसीने छूट गये. इतने सारे जासूसी नॉवल का गहन अध्ययन करके मैंने एक लिस्ट तैयार की थी.

लम्बी कार : कनवर्टिबल हो तो बेहतर. मैंने कोई माई का लाल जासूस आज तक ऐसा नही देखा, सुना या पढ़ा जो डी.टी.सी. की बस या ऑटो से जासूसी करता हो. दुश्मन फाइल, माइक्रो फिल्म या डायरी जिसमें दुश्मन के सभी ठिकानों के पते होते हैं, ले कर ये जा वो जा और आप टापते ही रहें कि ३२७ नम्बर की बस कब आयेगी या तीव्र मुद्रिका कब आयेगी अथवा स्कूटर वाला पीछा करने को तैयार होगा भी कि नहीं वो कह सकता है कि वो उस साइड जा ही नहीं रहा जिस साइड देश के दुश्मन माइक्रो फिल्म लेकर भागे जा रहे हैं. मेरे जानने वाले सभी जासूस मर्सीडीज, शैवरलैट,(तब हम इसी नाम से पुकारते थे, बहुत बाद में पता चला ट साइलेंट है) ब्यूक, सेडान, इम्पाला से कम में दुश्मन का पीछा नहीं करते थे. फियेट और अम्बैसडर वाले जासूस नहीं थे वे. अब समस्या ये थी कि जब तक कार आये क्या जासूसी का काम मुल्तवी रखा जाये और देश के दुश्मनों को यूँ ही छुट्टा छोड़ दिया जाये. नहीं कभी नहीं. अब अपने पास ले देकर मामा की एक साइकिल थी जो नजर बचा कर कभी कभी मैं भी चला लेता था. पर साइकिल पर देश के दुश्मन का पीछा ..बात कुछ जमी नहीं, और मैं इस नतीजे पर पहुंचा कि जब तक अपने पास एक अदद लम्बी सी विदेशी कार नहीं होगी, जासूसी में कोई कैरीयर नहीं

काला बड़ा चश्मा : चश्मा ऐसा होना चाहिये था जिससे कि मेरा पूरा नहीं तो आधा चेहरा ढँप जाता. लेकिन पिताजी को ये कतई पसंद नहीं था कि 'पढ़ने वाले' बच्चे इस तरह के चश्मे का ख्याल भी मन में लायें. खरीदना पहनना तो दूर की बात है. यहां तक कि जब डॉक्टर ने मुझे नजर कमजोर होने का चश्मा बताया तो पिताजी ने माता जी के साथ षडयंत्र करके मेरे को इतना घी बूरा खिलाया.. इतना घी बूरा खिलाया वो भी काली मिर्च डाल डाल कर कि मुझे इन दोनों चीजों से नफरत सी हो गई और मैं सोचता था कि जासूस बनने के बाद सबसे पहले ये घी बूरे वाले को ही साइलेंसर लगी लम्बी रिवॉल्वर से गोली मारनी है. . ऐसे में ही एक चचा और हमारे यहां आन टपके जो पिता जी को कह गये कि सुबह सुबह घास की ओस पर नंगे पाँव चलने से अच्छों अच्छों के लगे हुए चश्मे उतर गये. वैसे मैंने आज तक ऐसा कोई आदमी नहीं देखा जिसका घास पर चलने से चश्मा उतरा हो या फिर घी बूरा खाने से चश्मा न लगा हो. आपने देखा हो तो इत्तिला करना.

बहरहाल न काला बड़ा चश्मा आया न भारत को मेरे जैसा होनहार जासूस मिला ।

हैट : कोई ऐसी फिल्म नहीं कोई ऐसा नॉवल नहीं जिसमें जासूस ने हैट न लगाया हो. बल्कि यूँ कहिये जासूस पर दस बीस हैट होते ही थे. कईयों के नाम तो मुझे अब तक याद हैं. फैल्ट हैट, पनामा हैट, जंगल हैट, पी कैप, बैरेट

ओवरकोट : अब लो यहाँ पिताजी के पुराने कोट अथवा जामा मस्जिद के कोट के अलावा मेरे पास केवल माता जी के बुने हुए स्कूल यूनिफॉर्म के अंगूर के डिजाइन वाले नीले स्वैटर ही थे. मैंने पिताजी को एक अदद ओवरकोट की कहा तो उन्होने मुझे ऐसे खा जाने वाली नजरों से देखा कि मैंने फिर कभी ओवरकोट का इशू उनके सामने नहीं उठाया. अब आप ही बताईये जब ओवरकोट ही नहीं होगा तो उसकी कॉलर को खड़ा करके जासूसी कैसे होगी. बल्कि ये कहिये कि ओवरकोट नहीं तो कोई क्या खाक जासूस बनेगा ? तो अब आप सोच सकते हो भारत में दुश्मन से तो आप बाद में निपटोगे पहले तो अपनों ही से निबटने में कितने मोर्चों पर लड़ना पड़ेगा.

दस्तानेध ग्लव्ज : कुंडी खोलनी हो, तिजोरी खोलनी हो, दरवाजे का हैंडिल हो या फिर रिवॉल्वर ही चलाना हो सबके लिये एक जोडी दस्ताने तो चाहिये ही चाहिये. अब जिद कर कर के पिताजी ऊनी दस्ताने ले आये. अब भला ऐसे दस्ताने कहीं से भी तो जासूसी वाले नहीं लग रहे थे. बिल्कुल बचकाने, बच्चों जैसे दस्ताने थे वो. मुझे पहनने में भी शर्म आ रही थी. कहाँ देश का एक होनहार जासूस और कहां ये टुच्चे से दस्ताने. मैंने फिर भी ये बात दिल से नहीं लगाई कारण कि मैं नहीं चाहता था कि कल को कोई ये कहता कि दस्ताने के अभाव में देश के दुश्मनों को जाने दिया.

इसी तरह और भी आइटम थे जिनकी दरकार मुझे थी और उनके बिना जासूसी की परिकल्पना भी करना मुमकिन नहीं था. आप जोकर बन सकते थे जासूस नहीं. जासूसी सीरियस काम है. कदम कदम पर जान का खतरा. कब गोली आपकी कनपटी को छूती हुई निकल जाये. हरदम जान हथेली पर लेकर चलना पड़ता है.

..........इसी से याद आया कि जब इन सब चीजों के ही लाले पड़े हुए थे तो रिवॉल्वर की कौन बात करे. कहाँ की वैल्वीस्कॉट, स्मिथ वैसन, कहां का माऊजर, कहां का पिस्टल, और कहां का लम्बे हत्थे का साइलैंसर. .. मन की मन में ही रह गई कि सेकन्ड में सेफ्टी क्लच खोल कर दनादन छः की छः गोली दुश्मन के सिर में उतार देता.

.........इसी तरह रबर सोल के जूते जो कि वक्त जरूरत दबे पाँव दुश्मन के अड्डे पर बहुत काम आते, कोठरी में बंद होते तो रोशनदान की जाली जिसमें हमेशा बिजली के करंट होता था को तोड़ने के काम आती ..नहीं मिल पाये, उनकी जगह पिताजी इतने भारी भरकम स्टार लगे जूते लाते कि मील भर दूर से ही खबर हो जाये कि हम आ रहे हैं. आप सोच सकते हैं कि ये जूते मेरी मदद तो कम करते दुश्मन की ज्यादा.

